## षोडश

# बिहार विधान सभा

## पंचदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{14 फाल्गुन, 1941 (श०)}}{\text{04 मार्च, 2020 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या **174**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 106 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 28 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 02 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | .. | .. | 26 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 10 |
| (6) | श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 02 |
| | | | कुल योग -- | 174 |

अंडर पास बनाना

*763. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि न्यू बाईपास, पटना में बेऊर मोड़ पर अंडर पास नहीं रहने के कारण रोज घण्टों जाम की स्थिति रहती है तथा दुर्घटनाएँ भी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार बेऊर मोड़ पर अंडर पास बनाने का विचार रखती है ?

--------

पथ का निर्माण

*764. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला मुख्यालय स्थित वार्ड संख्या 31 के जनता चौक से आगे बीवीगंज से सरना चौक होते हुये नीमतल्ला मोड़ पिंक सिटी तक जाने वाली सड़क कच्ची है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का निर्माण कराने हेतु नगर निगम द्वारा दो वर्ष पूर्व ही पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरण किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के निर्माण हेतु राशि आवंटित नहीं होने से निर्माण प्रक्रिया बाधित है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राशि आवंटित कर उक्त कच्ची पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*765. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नव अधिसूचित राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 133ई भागलपुर से भलजोर तक टू लेन सड़क निर्माण करने की योजना वर्ष 2019-20 में प्रस्तावित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टू लेन सड़क को फोर लेन सड़क में परिवर्तित कर निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुलों का निर्माण

*766. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंड में नूरी चौक से 0.100 किलो मीटर पर अवस्थित आजमनगर चैनेल का पुल एवं दिघलबैंक प्रखंड में ग्राम-तुलसिया से बीबीगंज के बीच अवस्थित पुल वर्ष 2017 की बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुलों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*767. श्री मोहम्मद नवाज आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत आरा विधान सभा क्षेत्र के आरा-सलेमपुर रोड में बड़की सनदियाँ पुल लगभग एक वर्ष पूर्व ढ़ह गया है, जिसके कारण यातायात डायवर्सन से किया जा रहा है, साथ ही सनदिया एक नम्बर छलका के बगल में घर बन जाने से छलका नीचे हो गया है और बाढ़ आने से पानी भर जाता है, जिससे आवागमन अवरुद्ध हो जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण एवं छलका को ठीक कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रास्ता उपलब्ध कराना

*768. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, ~~राजस्व एवं भूमि सुधार~~ ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के ग्वालपाड़ा प्रखंड के रेशना पंचायत में डफरा टोला के दक्षिण भाग में अवस्थित शर्मा टोला वार्ड नम्बर 12 में लगभग तीन सौ घर बने हैं, जिसमें लगभग दो हजार की आबादी है तथा इनमें अधिकांशतः दलित, पिछड़े एवं अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य हैं, जिन्हें मुख्य सड़क तक आने-जाने का कोई कच्चा या पक्का सड़क नहीं है, फलतः वे लोग दूसरे किसानों के खेत होकर पैदल आवागमन को मजबूर हैं, जिससे काफी परेशानी भी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार आवागमन के लिये रास्ता हेतु कबतक जमीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सम्पर्कता पथ निर्माण करना

*769. श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया प्रखंड अन्तर्गत भोर-सार भेलवा पंचायत के तीन सीमानी बगडुवा पथविहिन है, जिसके कारण ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक तीन सीमानी बगडुवा को सड़क सम्पर्कता उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पुनर्निर्माण

*770. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड के कोभरेटिम बाजार से खरकट्टा पुल होते हुये सैदपुर गाँव तक जाने वाली सड़क जर्जर है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*771. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखंड अन्तर्गत मगहा पंचायत के तुर्की घाट से पूर्णियाँ सीमा के बीच गदी घाट पर पुल नहीं होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गदी घाट पर पुल बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*772. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत सकरा प्रखंड के नून नदी के बेरुआ घाट पर पुल नहीं होने से वहाँ के आमजनों के साथ-साथ विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*773. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अंतर्गत अलौली प्रखंड मुख्यालय से सटे करेह नदी के गढ़घाट पर पुल का निर्माण नहीं होने से 5 पंचायत के 50 हजार आबादी को आवागमन में कठिनाई होती है जबकि उक्त पुल निर्माण से संबंधित प्रस्ताव विगत तीन वर्षों से लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*774. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के गढ़पुरा प्रखंड अन्तर्गत मालीपुर पंचायत के मध्य विद्यालय चौक से मालीपुर बाजार होते मोरतर तक जाने वाली सड़क अत्यंत ही जर्जर है, जिसके कारण लोगों को यातायात में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*775. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के पिपरा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्रा0-राजपुर से विसुनपुर पथ का निर्माण कराया जा चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में गढ़िया एवं विसनपुर के बीच नदी में पुल नहीं बनाये जाने से निर्मित सड़क की कोई उपयोगिता नहीं है, साथ ही बरसात में सड़क बन्द हो जाने से लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

फाटक अथवा स्लूईस गेट लगाना

*776. श्री सत्यनारायण सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डेहरी प्रखण्ड के खुदरावां, रजवाहा के हाउडी गाँव में स्थित पुल का फाटक खराब हो गया है, जिसके कारण 10 गाँवों के किसान सिंचाई से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक हाउडी गाँव में स्थित पुल में तीन नये फाटक अथवा स्लूईस गेट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथों का जीर्णोद्धार

*777. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के रामनगर प्रखंडान्तर्गत चमुआ से बभनी तथा महुईडिह से बेलवा महादलित टोली होते हुए मुख्य पथ.बेलवा तक का ग्रामीण पथ विगत चार वर्षों से जीर्ण-शीर्ण होकर गड्ढ़े में तब्दील हो गई है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयाँ हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में कबतक उक्त पथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

वितरणी का फाल ठीक कराना

*778. श्री विनय वर्मा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नरकटियागंज प्रखंड में उप-वितरणी का फाल ऊँचा होने एवं सफाई नहीं होने के कारण तकिया, सेरवा, मठिया, चतुर्भुजवा गाँवों के किसानों को सिंचाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ,तो सरकार कबतक उक्त उप-वितरणी के फाल को ठीक कराने के साथ-साथ सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*779. डॉ0 राजेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के पूर्वी सरोत्तर के वनपरूआ से नारायणपुर गाँव एवं पूर्वी सरोत्तर के नारायणपुर से पुरैना की ओर जाने वाली सड़क कच्ची है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल एवं फाल का निर्माण

*780. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि --

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत प्रखण्ड काराकाट के ग्राम-कोनी में प्रधानमंत्री सड़क योजना के पैकेज सं0 28आर-421 द्वारा निर्मित पथ में पुल एवं फाल जर्जर है, जिसके कारण आम जनता एवं वाहन के आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुल एवं फाल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*781. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत सिसवा, पटना से चन्देश्वर ठाकुर के चिमनी होते हुए लोहरगांवा, केसरिया मुख्य पथ तक लगभग 09 कि0 मी0 कच्ची सड़क है जो दो प्रखंडों को जोड़ती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कच्ची सड़क के कारण बरसात के दिनों में रास्ता अवरुद्ध होने से आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*782. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखण्ड अन्तर्गत हनुमाननगर प्रखण्ड के भरौल से रत्नोपट्टी तक जाने वाली पथ का निर्माण हेतु विगत एक वर्ष पूर्व शिलान्यास हुआ था, परन्तु निर्माण कार्य आजतक प्रारम्भ नहीं किया गया है उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा देना

*783. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखंड में तरियानी, छपरा ग्राम के निवासी श्री रामनरेश साह, नंदु भगत सहित 97 से अधिक किसानों की जमीन को विगत 6 वर्ष पूर्व बेलसंड-छतौनी पथ में पुल निर्माण हेतु अधिग्रहण किया गया था, लेकिन आजतक उक्त किसानों को जमीन का मुआवजा नहीं मिला है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त किसानों को जमीन का मुआवजा कबतक दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि नाबार्ड ऋण योजनान्तर्गत सीतामढ़ी जिला के अन्तर्गत बेलसंड-छितौनी पथ में बागमती नदी के माडर घाट पर निर्मित उच्चस्तरीय आर० सी० सी० पुल के पहुँच पथ हेतु शिवहर जिला में पड़ने वाली जमीन का भू-अर्जन सतत् लीज पर की जानी थी, परन्तु सारी प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त जमीन के किस्म को लेकर किसानों द्वारा असहमति व्यक्त किया गया है।

उपरोक्त के आलोक में विभाग द्वारा सामान्य भू-अर्जन पर जमीन अधिग्रहण करने का निर्णय लिया गया । बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा समाहर्ता, शिवहर को सामान्य भू-अर्जन के अन्तर्गत जमीन अधिग्रहण का अनुरोध किया गया है, जो प्रक्रियाधीन है ।

--------

पथ सम्पर्कता प्रदान करना

*784. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड अंतर्गत गड़हनी पंचायत के ग्राम-तिनधरवा टोला एवं अगिआँव प्रखंड के नारायणपुर पंचायत के ग्राम-आजाद नगर पथविहीन रहने के कारण ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पथविहीन टोला/गाँव को पथ सम्पर्कता प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़कों का निर्माण

*785. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा एवं मधेपुर प्रखंड स्थित एन० एच० 57 ब्रह्मपुर से कोसी बाँध कालिकापुर तक तथा झंझारपुर और घोघरडीहा प्रखंड स्थित एन० एच० 57 अररिया से एस० एच० 51 घोघरडीहा रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित जर्जर सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*786. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत शम्भूगंज प्रखंड में मोहनपुर, सहुद्दा एवं तारापुर प्रखंड के चन्द्रपुरा, सहुद्दा ग्राम के बीच बडुआ नदी पर पुल नहीं होने से आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम के बीच बडुआ नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*787. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के बिथान प्रखंड स्थित लरझा घाट पुल से दरभंगा जिलान्तर्गत समेला चौक तक की सड़क लगभग 10 वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

''क''-*788.श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के खगड़िया प्रखंड में गढ़घाट, अलौली से बिन्द टोली होते हुये लंगराघाट तक सम्पर्क पथ नहीं है, साथ ही यह किसी भी पथ से जुड़ा हुआ नहीं है, जिसके कारण लगभग बारह हजार की आबादी को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पथ का निर्माण कराने एवं इस पथ को संपर्कता प्रदान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*789. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के तुलसिया-बीबीगंज पथ के बीच धनगढ़ा, काल पीट घर में विगत 5 वर्षों से पुल ध्वस्त है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ध्वस्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटावरोधी कार्य कराना

*790. श्री शिवचंद्र राम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत गायघाट के उत्तरी छोर हाजीपुर के तरफ गंगा नदी में कटाव हो रहा है, जिससे हाजीपुर जाने वाली पीपा पुल पर आवागमन प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कटावरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*791. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के बरहट कार्य प्रमंडल के अधीन मझवें मोड़ से मननपुर तक की सड़क में क्यूल नदी पर एवं बड़ीबाग से फतेहपुर तक की सड़क में क्यूल नदी पर निर्मित पुल संकीर्ण एवं विगत दस वर्ष से जर्जर अवस्था में है, जिसमें आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

**नोट--''क''-पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक 1499, दिनांक 25 फरवरी, 2020 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरित ।**

पुल का निर्माण

*792. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड बोखड़, नानपुर, बाजपट्टी, डूमरा को जोड़ने वाली पथ निर्माण विभाग की सड़क जो चकौती-महिसौथा-सावर-बुधनगरा-नानपुर-कोयली-भदियन-बड़हरवा-धनकौल-भासर-डूमरा होते दरभंगा के जाले एवं सीतामढ़ी मुख्यालय को सीधा जोड़ती है, यह 13 जुलाई, 2019 के प्रलयंकारी बाढ़ के कारण कई कि० मी० जर्जर हो गयी है, जिससे आवागमन प्रभावित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित पथ का चौड़ीकरण, ऊँचीकरण के साथ उन्नयन एवं आवश्यकतानुसार उच्चस्तरीय आर० सी० सी० पुल के साथ निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की चौड़ाई बढ़ाना

*793. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर अनुमंडल एवं वैशाली जिला के हाजीपुर जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली गंडक नदी पर बने ब्रिटिशकालीन पुल के पश्चिमी छोर (गजग्राह चौक, सोनपुर) का पहुँचपथ (एप्रोच रोड) संकीर्ण रहने के कारण प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के पश्चिमी छोड़ के पहुँचपथ की चौड़ाई बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि पुल ब्रिटिशकालीन बना हुआ है । पुल के पश्चिमी छोर (गजग्राह चौक, सोनपुर) का पहुँचपथ का चौड़ीकरण तकनीकी दृष्टि से संभाव्य (Feasible) नहीं है । पुल का निर्माण Single Lane गाड़ियों के आवागमन हेतु निर्मित है । इसके चौड़ीकरण से पुल की स्थायी संरचना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है । इस पुल के समानान्तर Double Lane का पुल इस संकीर्ण पुल के मद्देनजर निर्मित है ।

---------

तालाब का जीर्णोद्धार

*794. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के पकरीबरावाँ प्रखंड अन्तर्गत ढ़ोढा पंचायत के रेबार गाँव में एक 30 एकड़ का विशाल तालाब है, जो मिट्टी से भर जाने से अनुपयोगी हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जल संचय हेतु उक्त तालाब की खुदाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*795. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बीरपुर प्रखंड अन्तर्गत बीरपुर मुख्य बाजार स्थित नाला की स्थिति अत्यंत जर्जर है, जिसके कारण बीरपुर बाजार में सालोभर जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है, जिससे प्रखंड के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर नाले के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### सड़क का पक्कीकरण

*796. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के अरधावा ग्राम के हनुमाननगर टोला की सड़क का पक्कीकरण नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

### नदी की सफाई

*797. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखंड लकड़ी नवीगंज के करमइनी चँवर से घोघारी नदी निकली है जो गोपालपुर होकर गुजरती है, साथ ही मादा खुर्द से धमती नदी प्रखंड बसन्तपुर से भगवानपुर होते हुये जाती है, इस नदी की पेटी मिट्टी गाद से भर गया है, इसके चलते हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

### पथों की मरम्मती एवं जाँच

*798. डॉ० अशोक कुमार (139)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा विधान सभा क्षेत्र में विगत पाँच वर्षों (2015-16 से 2019-20) में कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, रोसड़ा द्वारा क्रमांक 36 से 51 तक की सड़कों का निर्माण कार्य मानक के अनुरूप न कराकर घटिया सामग्री का उपयोग करने से सभी सड़कें निर्माण के तुरंत बाद ही जर्जर हो गयी है, जिससे आवागमन बाधित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त निर्माण कार्य की जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई तथा उक्त जर्जर पथों की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

### नहर पर कल्भर्ट का निर्माण

*799. श्री अरूण कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सौर बाजार प्रखंड अन्तर्गत पंचायत समदा ग्राम-महेशपुर के बीचों-बीच होकर नहर गुजरती है;

(2) क्या यह बात सही है कि नहर में पानी रहने के कारण स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को पानी में होकर नहर पार करना पड़ता है और किसानों को भी कृषि कार्य में परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर पर कल्भर्ट का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

### सिंचाई सुविधा

*800. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 15 फरवरी, 2018 को बटेश्वर स्थान गंगा पम्पिंग योजना के शुभारम्भ के बाद से खरीफ मौसम में सिंचाई सुविधा मुहैया करायी जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि सिंचित भूमि का लेखा-जोखा विभाग के पास उपलब्ध नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार लक्ष्य के अनुरूप प्रारंभिक वर्ष से अबतक कितने हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने में सफल रही है ?

अतिक्रमण मुक्त कराना

*801. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा एवं मधेपुर प्रखण्ड स्थित पश्चिमी कोसी तटबंध बेलहा, बथनाहा, जीरो माईल से घोघेपुर, जमालपुर तक तटबंध-सह-सड़क पर अतिक्रमण के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है तथा तटबंध भी क्षतिग्रस्त हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तटबंध को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भटौली पथ का नाम शहीद के नाम पर रखना

*802. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड के ग्राम-देवटोला निवासी रमेश रंजन जो श्रीनगर में सी०आर०पी०एफ० की 73वीं बटालियन में कार्यरत थे उन्होंने दिनांक 5 फरवरी, 2020 को तीन आतंकवादियों को मारकर श्रीनगर में शहीद हो गये;

(2) क्या यह बात सही है कि शहीद रमेश रंजन ने तीन आतंकवादियों को मारकर वीरता एवं साहस का परिचय देते हुये देश का नाम रौशन किया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एन०एच० 30 से भटौली पथ का नाम शहीद रमेश रंजन के नाम पर रखने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*803. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखण्ड लकड़ी नबीगंज में एक दर्जन स्टेट ट्यूबवेल यथा बाला, मोपतपुर, डुमरा में चालू अवस्था में नहीं है क्योंकि इसका नाला नहीं बन पाया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक स्टेट ट्यूबवेल से सिंचाई हेतु नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पक्कीकरण

*804. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के मेहसी प्रखंड अन्तर्गत रजुआ, बखरी में नमो नारायण एच०पी० गैस एजेन्सी के निकट से कन्या विद्यालय, रेलवे गुमटी होते हुये बखरी, डंडा नदी तक कच्ची सड़क है, जिसके कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---

सड़कों का जीर्णोद्धार

*805. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सदर प्रखंड में वासुदेवपुर से कसनरौनी एवं एन० एच० 57 से बेला तक जाने वाली ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क अत्यंत ही जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित दोनों सड़कों का जीर्णोद्धार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का चौड़ीकरण

*806. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के मेहासिमर से प्रतापगंज जाने वाली सड़क तीन प्रखंड एवं तीन विधान सभा क्षेत्र को जोड़ती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के मध्य अवस्थित धरहरा, भीमशंकर महादेव, बरजपतगंज, बरदराज, विष्णु मंदिर में प्रतिदिन दूसरे जिला एवं पड़ोसी देश नेपाल से आने वाले तीर्थयात्रियों के चलते उक्त सड़क में भारी भीड़ रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को दोहरीकरण या चौड़ीकरण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*807. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल प्रखंड के रामपट्टी से पंडौल गुमटी तक सड़क बनाकर मधुबनी को जाम से मुक्ति दिलाये जाने हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा 3 वर्षों से लगातार लिखित अनुरोध विभागीय अधिकारियों से किया जा रहा है, परंतु अभीतक उक्त पथ का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

'ख'-*808. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पी०डब्लू०डी०, गोराडीह पथ से निकलने वाली गोराडीह से मोहनपुर गाँव तक जानेवाली प्रधानमंत्री सड़क मरम्मती के अभाव में विगत पाँच वर्षों से जर्जर है एवं गाड़ियों का परिचालन बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*809. श्री रविन्द्र सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत वलिदाद लख से पश्चिम तरफ अम्मा बिगहा, फतेहपुर संडा, जितन बिगहा होते हुये खोखड़ी तक एल०पी० चैनल क्षतिग्रस्त हो गया है एवं उसमें जंगली पेड़-पौधा पनप गया है जिससे पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुँचता है तथा इन्द्रपुरी से पटना मुख्य कैनाल पर अरवल प्रखण्ड में 10 नम्बर नेहर के सामने पुल नहीं है, जिससे हजारों किसानों को कृषि कार्य में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त चैनल का जीर्णोद्धार एवं पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*810. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड बराचट्टी, पंचायत बुमेर में सेवई से बुमेर तक की सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, परन्तु उक्त सड़क में पुल का निर्माण नहीं होने से आवागमन बाधित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट—'ख'-ग्रामीण कार्य विभाग के ज्ञापांक 1258, दिनांक 25 फरवरी, 2020 द्वारा पथ निर्माण विभाग में स्था० ।

सम्पर्क पथ से जोड़ना

*811. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के कुर्था विधान सभा क्षेत्र के कुर्था प्रखण्डान्तर्गत पंचायत निधवाँ के महादलित गाँव जगदीशपुर में अभीतक सम्पर्क पथ का निर्माण नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दलित बस्ती तक जाने के लिए सड़क निर्माण में निजी जमीन बाधक है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुर्था-लारी मुख्य पथ से उक्त महादलित गाँव में जमीन खरीदकर सम्पर्क पथ से जोड़ने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिया का निर्माण

*812. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया प्रखण्ड के ग्राम-गाफा से ग्राम-रामनगर तक 5 कि0 मी0 सड़क का निर्माण पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0 योजना के अन्तर्गत विगत चार वर्ष पूर्व किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों गाँव के बीच में मुहाने पईन है, जिसपर पुल का निर्माण नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन पूर्ण रूप से ठप हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों गाँव के बीच सपर्कता हेतु मुहाने पईन पर पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*813. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल, जहानाबाद द्वारा ई-निविदा सूचना संख्या आर0 डब्लू0 डी0/शीर्ष जी0 टी0 एस0 एन0 वाई0/संख्या 08ई0 टेन्डर 2016-17 जिसका पी0 आर0 नं0 8612 (आर0 डब्लू0 डी0) 2016-17 है, के तहत पोखवाँ पी0 एम0 जी0 टी0 एस0 वाई0 से शंकर बिगहा तक सड़क का निर्माण हेतु निविदा निकाली गयी थी, परंतु आजतक उक्त सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*814. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड के चनका पंचायत के 10 नं0 सड़क से गोपाल यादव के घर तक जाने वाली सड़क के मध्य नहर पर पुल का निर्माण नहीं हुआ है, लेकिन नहर के दोनों तरफ सड़क का निर्माण हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*815. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के मटियारी पंचायत के कोठी हाट चौक से कदमगाछ होते हुए किसान चौक तक की सड़क के बीच में मरिया परमान धार पर बने कॉजवेज पर बरसात में 15 फीट पानी जमा हो जाता है जिसके कारण तीन-चार माह तक यह सड़क बाधित रहता है, जिससे ग्रामीणों को यातायात में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त धार के दोनों तरफ बने सड़क के बीच में आर0 सी0 सी0 पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का चौड़ीकरण

*816. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला को जमुई से जोड़ने के लिए एन0 एच0 333 बहुत ही महत्पूर्ण पथ है,

(2) क्या यह बात सही है कि एन0 एच0 333 पथ गंगटा से लक्ष्मीपुर तक 12 कि0 मी0 लंबी सड़क में गंगटा से कुंडाबाबा स्थान तक 6 कि0 मी0 सड़क का चौड़ीकरण नहीं किया गया है, जबकि शेष बचे कुंडाबाबा स्थान से जमुई तक की सड़क का चौड़ीकरण किया जा चुका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एन0 एच0 333 से गंगटा से कुंडाबाबा स्थान तक की सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथांश भीम बाँध वन्यप्राणी अभ्यारण्य क्षेत्र के अन्तर्गत है एवं इस पथांश में किसी भी तरह का निर्माण हेतु वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत अनापत्ति प्राप्त करना अनिवार्य है ।

(2) एवं (3) वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत सड़क के चौड़ीकरण कार्य हेतु आवश्यक अनापत्ति प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव मुख्य वन संरक्षक, बिहार, पटना को समर्पित किया गया है । अनापत्ति प्राप्त होने के पश्चात् सड़क चौड़ीकरण हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी । वर्तमान में सड़क अच्छी स्थिति में है ।

------------

सड़क पक्कीकरण

*817. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सोनो प्रखंड के ग्राम-असरहुआ, मंडल टोला से विजु घाट बरनार नदी तक तथा असरहुआ, शिव मंदिर से कैलाश पहाड़ी तक कच्ची सड़क रहने से ग्रामीणों के आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों कच्ची सड़कों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*818. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत खेसर, ढलवा मोड़ से शम्भूगंज तक चौदह कि0 मी0 लंबा ग्रामीण कार्य विभाग का पथ है, जो पथ निर्माण विभाग में अधिगृहित होने की सारी अर्हता पूरा करता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित पथ को कबतक पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--पथ अधिग्रहण की नयी नीति के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग अपने स्वामित्व वाले पथों का उन्नयन स्वयं करायेगा ।

अतः ग्रामीण कार्य विभाग के पथों का पथ निर्माण विभाग के द्वारा अधिग्रहण करने का प्रश्न नहीं उठता है ।

नाला का निर्माण

*819. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला मुख्यालय स्थित फोर्ड कंपनी चौक से बस स्टैंड होते हुये मरंगा तक 3.3 कि०मी० सिक्स लेन सड़क का निर्माण कराने का प्रस्ताव टेंडर प्रक्रिया में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पहले बने डी०पी०आर० में सड़क के दोनों तरफ आर०सी०सी० ड्रेनेज सिस्टम बनाने का प्रस्ताव था, जो नया डी०पी०आर० से हटा दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सड़क पर जल-जमाव रोकने तथा शहर का पानी निकासी के लिये उक्त सिक्स लेन सड़क के दोनों तरफ सड़क के साथ आर०सी०सी० नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुलिया का पुनर्निर्माण

*820. श्री राम विचार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत साहेबगंज प्रखंड के ग्राम-हजारी माधोपुर में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क से लोहा साह चौक कोदई राय के घर होते हुये चम्पारण, सीवान तक 1.25 कि०मी० की लम्बी सड़क का निर्माण कार्य दिनांक 10 नवम्बर, 2018 को पूर्ण किया गया है जिसका ओ०पी०आर०एम०सी० के तहत पाँच वर्ष तक संधारण किया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में निर्मित दो पुलिया ध्वस्त हो गयी है जिसके कारण आवागमन बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त ध्वस्त दोनों पुलिया का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बाँध का मरम्मत

*821. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र के पिपरा पंचायत में पिपरा घाट के समीप तथा सहबाजपुर पंचायत में गोड़राहा घाट के पास परमान नदी के किनारे मनरेगा योजना द्वारा निर्मित जमींदारी बाँध में वर्ष 2017 एवं 2019 में आये बाढ़ से कटाव हो गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाँध में कटाव के कारण नदी का 80 प्रतिशत पानी इसी कटाव से प्रवाहित होता है, जिससे फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र के 18 पंचायत बाढ़ से प्रभावित रहते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त बाँध की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

आई०टी०आई०कॉलेज खोलना

*822. श्री कमरुल होदा--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत तीन लाख से अधिक जनसंख्या वाले प्रखण्ड पोठिया में छात्र-छात्राओं की तकनीकी शिक्षा के लिये कोई भी आई०टी०आई० कॉलेज नहीं खोला गया है, जिससे क्षेत्र के बच्चे तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने से वंचित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पोठिया में एक आई०टी०आई० कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण एवं पुलिया का निर्माण

*823. श्री शाहनवाज--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के गिरदा पंचायत के गिरदा गाँव से लरूआबाड़ी पी०डब्लू०डी० पथ तक सड़क एवं उक्त सड़क में पुलिया कच्ची होने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण एवं पुलिया का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*824. श्री रविन्द्र यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत गिद्धौर प्रखंड के ग्राम-कुमरडीह से सिमरिया, महादलित टोला धोबघट होते हुये प्रखण्ड मुख्यालय तक की सड़क कच्ची है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*825. श्री रवि ज्योति कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के सिलाव प्रखण्ड के गोरमाँ पंचायत के भगवानपुर गाँव की सड़क का निर्माण कार्य विगत पाँच वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था, जो अभीतक पूर्ण नहीं हुआ है एवं निर्माण सामग्री सड़क पर पड़ा हुआ है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*826. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में बाढ़ से बचाव एवं आवागमन की सुविधा हेतु नदियों के दोनों तरफ बाँधों का चौड़ीकरण कर पक्कीकरण करने का निर्णय वर्ष 2013 में लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि प० चंपारण (बेतिया) जिलान्तर्गत रामनगर के गौनाहा प्रखंड अंतर्गत दोन कैनाल पर वर्ष 2019 में बाँध का पक्कीकरण हुआ है, किन्तु मात्र दो माह बाद से ही टूटना शुरू हो गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाँध (जलपथ) के निर्माण में हुयी अनियमितता के लिये दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*827. श्री राहुल तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखण्डान्तर्गत शिव मंदिर (बरसिंहा टोला) से लछु टोला (गोवर्धन स्थान) होते हुये बरजा नदी के पुल तक ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना के अन्तर्गत सड़क निर्माण के लिये निविदा लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व हुयी है, लेकिन अभीतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त निर्माण कार्य को कबतक प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*828. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बाराचट्टी विधान सभा क्षेत्र में पंचायत बारा ग्राम-सहदेवखाफ गया-डोभी मुख्य सड़क से कोशला होते हुये बोधगया तक का पथ का निर्माण नहीं होने से आम जनता को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*829. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में कुढ़नी स्टेशन से किशुनपुर, मधबनी तक जानेवाली सड़क में धुरल स्थान के नजदीक एक खुला छोटा पुल है जिससे हमेशा दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त छोटे पुल के स्थान पर बड़े पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पईन की सफाई

*830. श्री आनंद शंकर सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के ग्राम पंचायत खैरा मिर्जा के ग्राम-बहुआरा में पईन का पक्कीकरण नहीं होने से पानी बर्बाद हो जाता है, जिससे किसानों को सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन की सफाई एवं पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*831. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल, राजनगर, खजौली एवं लदनिया प्रखंड के निवासियों के यातायात का मुख्य साधन एन0 एच0 57 सकरी से एन0 एच0 104 को तनुआही तक जोड़ने वाली सड़क है, परंतु इसका चौड़ीकरण नहीं होने के कारण आये दिन भीषण जाम लगता है और दुर्घटनाएँ होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सकरी से तनुआही तक की सड़क का चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*832. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड के पंचायत कजपा में ग्राम-जमीलगंज एवं सैफगंज सम्पर्क पथविहीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सम्पर्क पथ नहीं रहने से उक्त गाँवों के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपरोक्त वर्णित गाँवों को सम्पर्कता प्रदान करने के लिये ग्राम-खरांटी से जमीलगंज होते सैफगंज तक सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*833. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बनकटवा प्रखंड के भेलवा, अरूणा नदी से निकलने वाली उप-वितरणी जो सेखौना होते हुये अरुणा नदी में मिलती है, उसका विगत बीस वर्ष पूर्व में उड़ाही का कार्य किया गया था एवं वर्तमान में उप-वितरणी में गाद जमा हो गया है तथा ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण भी कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उप-वितरणी को अतिक्रमण मुक्त कराते हुये उसका जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुलिया का निर्माण

*834. श्री रवि ज्योति कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के सिलाव प्रखंड के धोस्तावाँ एवं करियन्ना पंचायत के बीच चोरनिया पईन है, जिसके दोनों तरफ सड़क है, परन्तु उक्त पईन पर पुलिया नहीं रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन पर पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*835. श्री जय वर्धन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दुल्हिनबाजार प्रखंड अन्तर्गत ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना के तहत डुमरी, महादलित टोला के सम्पर्क पथ के निर्माण हेतु निविदा दो वर्ष पूर्व प्रकाशित होने के उपरान्त कार्य आरंभ किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क निर्माण का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, जबकि निर्माण कार्य को निविदा के अनुसार पूर्ण दर्शाकर संवेदक एवं पदाधिकारियों की मिलीभगत से पूर्ण आवंटित राशि की निकासी कर ली गई है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क के निर्माण कार्य की जाँच कराते हुये दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*836. श्रीमती कुंती देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड मोहड़ा के हड़हड़ बाँध पर पुल नहीं रहने के कारण बरसात के मौसम में उक्त बाँध में पानी की बहुत तेज धारा चलने के कारण ग्रामीणों को तेज धारा पार करने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त बाँध पर पुल बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लूईस गेट का निर्माण

*837. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी विधान सभा क्षेत्राधीन बरारी प्रखंड के काढ़ा गोला घाट से सीज टोला तक गंगा नदी बाँध में एक भी स्लूईस गेट नहीं रहने के कारण हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि में प्रत्येक वर्ष जल-जमाव हो जाता है, जिसके कारण खरीफ फसलें नष्ट हो जाती हैं, यदि हाँ, तो सरकार सीज टोला के पास एक स्लूईस गेट का निर्माण कबतक कराकर कृषकों को जल-जमाव की समस्या से निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*838. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के घघड़ी पंचायत में दुलारदई नदी में देवस्थल घाट में पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*839. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चकिया प्रखंड अन्तर्गत भगवानपुर, नन्हकार टोला पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ से महादलित टोला, विश्वनाथ राम के घर होते हुए इमिलिया पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ तक कच्ची सड़क है, जिसके कारण बरसात के दिनों में आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्यक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*840. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के घघड़ी पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत एल0ओ0 29 से देवस्थल तक कुल 4.881 किलो मीटर पक्की सड़क की प्राक्कलित राशि 3716 लाख की लागत से निर्माण कराने के लिए जनवरी, 2017 को शिलान्यास किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा सड़क पर जगह-जगह केवल बालू-गिट्टी बिछाकर छोड़ दिया गया है जिससे आमजनों को सड़क पर चलने में भी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथों का पक्कीकरण

*841. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अंतर्गत सोनो प्रखंड के ग्राम-भलशुभिया दुर्गा मंदिर से तैतरिया होते हुए बरमानी तक तथा महादलित टोला, बाबा कोल से खेल पत्थर तक कच्ची सड़क रहने से आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों कच्ची पथों का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*842. डॉ0 अशोक कुमार (139)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत कुशेश्वर स्थान प्रखंड में आर0ई0ओ0 पथ, झझड़ा से लक्ष्मीपुर-पिपराही सीमा तक की सड़क अत्यन्त ही उपयोगी है एवं अनेकों पंचायतों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है, जिसके जर्जर रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पुनर्निर्माण

*843. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत टिकारी-कोंच पथ से नहर के समानांतर बलवापर तक जाने वाली पथ से निकलकर मोक ग्राम तक जाने वाली 2.5 कि0मी0 लम्बी पथ का निर्माण विगत 10 वर्ष पूर्व किया गया था, जो अति जर्जर स्थिति में है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार खंड (1) में वर्णित पथ का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*844. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत पातेपुर प्रखंड के अजीजपुर, चाँदे, मुसापुर में नून नदी पर पुल का निर्माण हुआ है, जो ताजपुर को जोड़ता है, परंतु संपर्क पथ का निर्माण नहीं होने से आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सम्पर्क सड़क का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

छत्रहार कॉजवे की मरम्मती कराना

*845. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर विधान सभा और बाँका जिला को जोड़ने वाली छत्रहार कॉजवे जर्जर है, जबकि इसका उपयोग सड़क मार्ग के साथ-साथ पाँच हजार बीघा जमीन की सिंचाई के लिए भी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कॉजवे की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़कों का निर्माण

*846. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि --

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड के सहसमल पंचायत अन्तर्गत आर0ई0ओ0 सड़क बलबात, मुसहरी से पासवान टोला, शिव चौक होते आर0ई0ओ0 सड़क तक पथ नहीं रहने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित स्थलों को जी0टी0एस0एन0वाई में सम्मिलित नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*847. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत मोतीपुर प्रखंड में पथ निर्माण विभाग द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र अंतर्गत एन0एच0 28 मोतीपुर से पहाड़चक तक एवं मोतीपुर, महना, भाया काँटी तक पथ का निर्माण कार्य विगत 8 माह पूर्व प्रारम्भ किया गया था जिसे 4 माह पूर्व से बन्द कर दिया गया है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त निर्माण कार्य को कबतक पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि एन0एच0 28 मोतीपुर से पहाड़पुर तक कार्य प्रारम्भ की तिथि 02 जुलाई, 2018 एवं समाप्ति की तिथि 7 जुलाई, 2020 है। मोतीपुर, महना, भाया, काँटी पथ का प्रारम्भ की तिथि 2 जुलाई, 2018 एवं समाप्ति की तिथि 12 अगस्त, 2020 है। उक्त दोनों कार्य ससमय पूर्ण करा लिया जायेगा।

सड़क का पुनर्निर्माण

*848. श्री शिवचंद्र राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राजापाकर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत सलहा चौक से महनार स्टेशन जाने वाली सड़क एवं बोतला चौक मंदिर के निकट से सराय जाने वाली कालीकरण सड़क विगत छः वर्षों से जर्जर रहने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तटबंध के ऊपर पक्की सड़क का निर्माण

*849. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत चम्पारण तटबंध के सुर्यपुर से लेकर कोतराहा ढाला तक बाँध के ऊपर पक्की सड़क का निर्माण कराने का प्रस्ताव चम्पारण डिवीजन मोतिहारी ने मई, 2019 में विभाग को समर्पित किया था, किन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक तटबंध के ऊपर पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण

*850. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोहनपुर प्रखंड के दियारा मोड़ डुमरी बाँध से धर्मपुर बदियां बाँध तक जाने वाली सड़क 10.00 कि० मी० लम्बी एवं पक्की है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क मोहनपुर एवं महम्मदीपुर बोचहां पंचायत को जोड़ने वाली अतिमहत्वपूर्ण सड़क है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में कबतक अधिग्रहण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*851. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड के हल्दीखोड़ा से जागीर बस्ती मुख्यमंत्री सड़क में खरसान टोली गाँव के निकट पुल/कलवर्ट अगस्त, 2017 के बाढ़ में बह गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इतने दिनों बाद भी उक्त पुल/कलवर्ट का निर्माण नहीं हो पाया है, जिससे स्थानीय लोगों को भी आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त पुल/कलवर्ट के स्थान पर नये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*852. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टनकुप्पा प्रखंड के ग्राम-भेटौरा से गोइनियां तक 1.5 कि० मी० कच्ची सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि टनकुप्पा प्रखंड मुख्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं टनकुप्पा रेलवे स्टेशन आवागमन हेतु मात्र एक यही सड़क है, जो कच्ची रहने के कारण आमजनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक भेटौरा ग्राम से गोइनियां तक उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*853. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के बैठ मुशहरी पंचायत अन्तर्गत बसनहीं, ग्वालपाड़ा पथ के नहर में बना पुल एक वर्ष से क्षतिग्रस्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल क्षतिग्रस्त रहने के कारण आमजनों को लम्बी दूरी तयकर जिला मुख्यालय आना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मती कराकर आवागमन सुचारु रूप से बहाल कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*854. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बथनाहा प्रखंड के बथनाहा हाई स्कूल के आगे मेन रोड से भटुआडीह टोला पर जाने वाली जर्जर रोड विगत पाँच वर्षों से नहीं बनाया जा रहा है, जिसके कारण आमलोगों को आवागमन में समस्या होती है, यदि हाँ, तो सरकार इस रोड को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पक्की सड़क बनाना

*855. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बेलाई ग्राम पंचायत के देवराज बिगहा तथा बेलाई ग्राम को पूरक राज्य कोर नेटवर्क-2 में शामिल किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों गाँवों में सड़क नहीं होने के कारण जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त दोनों ग्रामों में पक्की सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़कों का जीर्णोद्धार

*856. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सदर प्रखंड में पी० डब्लू० डी० रोड से हरपुर तक एवं एन० एच० 57 से नरकटिया तक जाने वाली ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क अत्यंत ही जर्जर है, जिससे आवागमन में असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित दोनों सड़कों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*857. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत जिनेदपुर से सांख दरगाह तक जाने वाली लगभग 3 कि० मी० लंबी सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त जर्जर पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*858. डॉ० राजेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के पूर्वी सरोत्तर के वनपरूआ से मल्लाह टोला होते हुये भगवतीया देवान टोला एवं पश्चिमी सरोत्तर के कुम्हार टोला से बेलवा गाँव तक की सड़क कच्ची है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अधूरे नाला का निर्माण

*859. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा प्रखंड के ग्राम-केशोपुर में रामाशंकर यादव के बाउन्ड्री से केशोपुर नदी तक (पुल के पास) वर्ष 2014 में नाला का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे गाँव में ही जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार अधूरे नाला निर्माण को कबतक पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*860. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत कौवाकौल रोड से डुमर कोला रोड तक जानेवाली सड़क में वर्ष 2019 में हुये मरम्मती कार्य में अनियमितता की शिकायत प्रश्नकर्ता सदस्य के पत्रांक 254, दिनांक 19 नवम्बर, 2019 द्वारा मुख्यालय स्तर पर किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अनियमितता की जाँच अभीतक नहीं की गयी है एवं मरम्मती कार्य बंद है जिसके कारण सड़क पर आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क निर्माण में हुयी अनियमितता की जाँच कराकर मरम्मती कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आर० सी० सी० पुल का निर्माण

*861. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत जाले प्रखंड के मुरैठा से मस्सा जानेवाली सड़क में खिरोई नदी पर लोहे का पुल बना हुआ है जो जर्जर हालत के साथ संकीर्ण भी है, जिसके कारण कोई भी बड़ी गाड़ी का आवागमन नहीं होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग के नियमानुसार सभी लोहे का पुल की जगह उच्चस्तरीय आर० सी० सी० पुल बनाने का प्रावधान है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुरैठा से मस्सा जानेवाली सड़क में खिरोई नदी पर बने लोहे के पुल की जगह उच्चस्तरीय आर० सी० सी० पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*862. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड अन्तर्गत सिसवा, पटना, बेलवलिया, सुरेश सिंह के घर से अभिषेक सिंह के चिमनी होते हुये चरमा माई स्थान तक लगभग 3 कि० मी० कच्ची सड़क है, जिसके कारण बरसात के दिनों में रास्ता अवरुद्ध होने के फलस्वरूप गंभीर बीमारी या प्रसव से पीड़ित परिवारों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*863. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड काराकट (गोड़रि) ग्राम-साहदा एवं ढोड़नडीह गाँव के पास कांव नदी पर राजवाहा में पुल का निर्माण नहीं होने से चार पंचायत के लोगों को आवागमन हेतु 20 कि० मी० की अधिक दूरी तयकर अपने गंतव्य स्थान पर जाना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल रोहतास एवं भोजपुर जिला को जोड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सोहदा एवं ढोड़नडीह के बीच कांव नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

टोलों का सम्पर्कता प्रदान करना

*864. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आमस प्रखंड के पंचायत सांव में छोटकी पिण्डरा दास टोला एवं डोभी प्रखंड के पंचायत खरांटी में खरांटी मुस्लिम टोला सम्पर्कविहीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि सम्पर्क पथ नहीं रहने से उक्त टोलों के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित टोलों को सम्पर्कता प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पी० सी० सी० सड़क एवं पुल-पुलिया का निर्माण

*865. श्रीमती रंजू गीता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड बाजपट्टी पंचायत हरपुरवा प्रधानमंत्री सड़क से धनकौल, बेलहिया, मधुबनी, बेलहिया कब्रिस्तान से बुढ़ा बाबा के स्थान विलय सिंह के घर से मुरौल-बरई टोला, भासेपुर बाजार, रतनपुरा, हुँमायुपुर बाजार, छोटी भदियन (मठ), बड़ी भदियन चौक की सड़क का पी० सी० सी० सड़क एवं पुल, पुलिया के साथ निर्माण कार्य शीर्ष-4515 नाबार्ड योजनान्तर्गत चयनित है एवं इसका DPR 2 वर्ष पूर्व विभाग में समर्पित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित पथ की प्रशासनिक स्वीकृति देकर उसका निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*866. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड अन्तर्गत गोविन्दचक पंचायत के इसमाईलचक, कुम्हार टोली में आजादी के 72 वर्ष बीत जाने के बाद भी सम्पर्क पथ का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कुम्हार टोली के लोगों को आवागमन की सुविधा हेतु सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति

*867. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत सकरा एवं मुरौल प्रखंड मुख्यालय में श्रम संसाधन विभाग का कार्यालय नहीं होने के कारण मजदूरों को घटना-दुर्घटना होने पर विभाग द्वारा देय कोई लाभ नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में श्रम संसाधन विभाग से संबंधित कार्यालय खोलकर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध को ऊँचा एवं मरम्मती

*868. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत अलीगंज प्रखंड के विजय बाँध एवं शंकर बाँध कम ऊँचा एवं जर्जर है तथा पानी का बहाव गाद के कारण काफी कम हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँध को ऊँचाकर उसकी मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*869. श्री शत्रुधन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत परसा प्रखण्ड में नारायणपुर गाँव से एस०एच० अमनौर-दिघवारा पथ तक जाने वाली सड़क के जर्जर होने के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कौजबे के स्थान पर पुल का निर्माण

*870. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड के मदनपुर पश्चिमी पंचायत अन्तर्गत मंटू चौक से हनुमान चौक तक ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, अररिया की सड़क में अजीज शाह के घर के निकट का कौजबे जर्जर हो चुका है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वर्णित कौजबे के स्थान पर नये पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटावरोधक कार्य कराना

*871. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के कुर्था विधान सभा क्षेत्र के बंशी प्रखंडान्तर्गत पंचायत खड़ासीन स्थित एकरौंजा गाँव के पास पुनपुन नदी के तट पर बुद्ध मंदिर स्थापित है;

(2) क्या यह बात सही है कि बाढ़ के दिनों में पुनपुन नदी की तेज धार से नदी के तट के बाई छोर का तेजी से कटाव हो रहा है, जिससे ग्रामीणों के उपजाऊ भूमि और मंदिर का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर कटावरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का पुनर्निर्माण

*872. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखण्ड के नरबारा से सिरसिया तक सड़क में नरबारा गाँव के पास स्थित पुल दो वर्ष पूर्व ध्वस्त हो गया है जिसके कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ध्वस्त पुल का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

*873. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी अनुमंडल स्थित रेलवे ब्रिज का निर्माण कार्य वर्ष 2010 से प्रारंभ किया गया है, जिसे वर्ष 2013 में ही पूर्णकर जनता को आवागमन हेतु सुपुर्द करना था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल निर्माण से संबंधित कम्पनी ने अबतक मात्र 50 प्रतिशत ही कार्य को पूरा किया है, जबकि शेष कार्य बाकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त पुल का निर्माण कार्य अबतक पूर्ण नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि पुपरी स्थित ROB का निर्माण कार्य एस०एच० 87 (रून्नीसैदपुर-भिसवा पथ) के 2 लेन मानक संरचना में उन्नयन कार्य के अन्तर्गत कराया जा रहा है । इस परियोजना के परिहार तक जिसमें पुपरी स्थित रेलवे उपरी पुल भी शामिल है, जून, 2020 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है ।

---

## सड़क का अधिग्रहण

*874. श्री चंद्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत एकंगरसराय प्रखंड मे एन०एच० 33 पर अवस्थित एकंगरडीह ग्राम से औंगारी सूर्य सर्किट तक जानेवाली 4 कि०मी० की सड़क, पथ निर्माण विभाग की सड़क है, जबकि सूर्य सर्किट से आगे जाने वाली एवं ग्राम-जगाई के पास एस०एच० 4 में मिलने वाली 4 कि०मी० की सड़क ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि औंगारी में लगने वाली मेला को राजकीय मेला का दर्जा प्राप्त है, साथ ही यहाँ सूर्य सर्किट होने के कारण हमेशा देश-विदेश के श्रद्धालुओं का आना-जाना रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार औंगारी, सूर्य सर्किट से जगाई तक जाने वाली सड़क का पथ निर्माण विभाग में कबतक अधिग्रहण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का निर्माण

*875. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत गढ़पुरा प्रखंड के गढ़पुरा चौक से मैसना होते हुये परोड़ा तक की सड़क जर्जर है, जिससे आमजनों को यातायात में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का निर्माण

*876. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला में नवगछिया कार्य प्रमंडल के अधीन खरीक प्रखंड अंतर्गत नन्हकार से ध्रुवगंज होते हुये विश्वकर्मा चौक 14 नंबर तक की सड़क अत्यंत ही व्यस्त सड़क है, जो अपने दोनों ही तरफ पी०डब्लू०डी० सड़क से जुड़ी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त सड़क की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*877 श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढनी प्रखंड में बलिया चौक से कुढ़नी स्टेशन होते हुये केसोपुर चौक तक की सड़क जर्जर है जिससे उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--प्रश्नाधीन पथ ग्रामीण कार्य विभाग से नव-अधिगृहित पथ है। प्रशासनिक स्वीकृति हेतु डी०पी०आर० प्राप्त है। प्रशासनिक स्वीकृति प्रक्रियाधीन है ।

-------------

नाला का निर्माण

*878. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखण्डान्तर्गत ग्राम पंचायत जमालउद्दीन चक के नवरतनपुर मुसहरी से चक्रदाहा मोड़ (ईमली का पेड़) तक लगभग 1 कि०मी० पथ के साथ नाला का निर्माण नहीं किये जाने के कारण सालोंभर गंदे पानी भरे रहने से नवरतनपुर वासियों सहित आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीणों द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, दानापुर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों को उक्त पथ एवं नाला के निर्माण कराने हेतु आवेदन दिये जाने के पश्चात् नाले के निर्माण हेतु माह अगस्त, 2019 में मापी भी करायी गयी है, परन्तु नाला निर्माण की दिशा में अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ के साथ नाला का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

संपर्क पथ का निर्माण

*879 श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड कोचस के ग्राम-मठिया एवं हेल्हा में अभीतक संपर्क पथ का निर्माण नहीं कराया गया है, जिसके कारण उक्त ग्राम की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ग्राम-मठिया एवं हेल्हा में संपर्क पथ का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहका का निर्माण

*880 श्री आनंद शंकर सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत मंझार के ग्राम-भोला बिगहा में टेकारी नदी पर चहका न होने से भोला बिगहा, चैन बिगहा, पण्डुकी, विजोई के किसानों को सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि टेकारी नदी बरसाती नदी है एवं चहका निर्माण न होने से जल संग्रहण नहीं हो पाता है, जिससे गर्मी के दिनों में जल स्तर काफी नीचे चला जाता है और पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर चहका का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*881. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के छपरा-कोईलवर फोर लेन से कुईयां होते हुये आरा-एकौना पी०डब्लू०डी० सड़क तक का डी०पी०आर० वर्ष 2017 से बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क को वर्ष 2016 में ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण में स्थानान्तरण किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) वस्तुस्थिति यह है कि भोजपुर जिला के छपरा-कोईलवर फोर लेन से कुईयां होते हुये आरा-एकौना पी०डब्लू०डी० की सड़क का वास्तविक नाम बड़हरा (पड़रिया) बबुरा पथ है। इसकी कुल लम्बाई 5.85 कि०मी० है एवं वर्तमान चौड़ाई लगभग 3.00 मीटर है।

(2) यह पथ जल संसाधन विभाग के बाँध पर अवस्थित है तथा इस पथ के निर्माण हेतु मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग के पत्रांक 59, दिनांक 13 जनवरी, 2019 द्वारा NOC (अनापत्ति प्रमाण-पत्र) प्राप्त है।

(3) एवं (4) इस पथ के चौड़ीकरण का कार्य वित्तीय वर्ष 2019-20 के वार्षिक कार्य योजना मे स्वीकृत है। इस पथ के चौड़ीकरण 3.00 मीटर को बढ़ाकर 7.00 मीटर कार्य हेतु प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। प्रशासनिक स्वीकृत्योपरान्त निविदा कर कार्य कराने का लक्ष्य है।

------------

पुल का निर्माण

*882. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के नरकटियागंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बनजरिया प्रखंड के फुलवार दक्षिण पंचायत के नगदाहा, पजियरवा सड़क में तिलावे नदी पर पुल का निर्माण कार्य नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नदी के दोनों तरफ सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, परन्तु पुल के अभाव में आवागमन बाधित है, जिससे ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

संपर्क पथ का निर्माण

*883 श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड कोचस के ग्राम-मुसहर टोला, पदमसीडिहरा एवं छितनडिहरा में अभीतक संपर्क पथ का निर्माण नहीं कराया गया है, जिसके कारण उक्त ग्राम की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है,

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक ग्राम-मुसहर टोला पदमसीडिहरा एवं छितनडिहरा में संपर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अंडर पास का पुन: निर्माण

*884. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, ह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 110 के 56वें कि0 मी0 राजाबजार, जहानाबाद में पटना-गया रेलवे लाईन में अंडर पास का निर्माण कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अंडर पास का निर्माण तय मानकों के अनुरूप नहीं किया गया है, जिसके कारण अंडर पास में पानी का जल-जमाव हो गया है और पथ सतह टूट गया है, जिससे यातायात बाधित रहने के कारण जिला मुख्यालय में जाम की स्थिति बनी रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अंडर पास का पुन: निर्माण कराकर सुचारू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक,नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण

*885. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के खैरामाठ, कमलवाड़ी गोठ से अरराहा (नेपाल बॉर्डर) तक पक्की सड़क नहीं रहने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पईन का निर्माण

*886. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत खैरा प्रखंड में गिधेशर के माया थान पहाड़ी से बड़ी बाग तक पईन नहीं होने के कारण किसानों को सिंचाई में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर पईन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

अधिगृहित भूमि का मुआवजा भुगतान

*887. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता, समस्तीपुर, बाढ़ नियंत्रण द्वारा वर्ष 2010-11 में बैंती नदी के दायाँ तटबंध 0 से 1.00 कि0 मी0 तक निर्माण हेतु बेगूसराय जिलान्तर्गत भगवानपुर अंचल के कविया गाँव के 8 किसान एवं समस्तीपुर जिला अन्तर्गत विभूतिपुर अंचल के देशरी गाँव के 9 किसान कुल 17 किसानों की भूमि अधिगृहित करने के बावजूद आजतक उक्त भूमि का मुआवजा किसानों को नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त किसानों को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पथ का निर्माण

*888. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड अंतर्गत कुरकुरी पंचायत के ग्राम-विशम्भरा पथविहीन है जिसके कारण ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पथविहीन ग्राम को सम्पर्कता प्रदान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*889. श्री (मो0) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के माँझा प्रखंड में सीवान-सरफरा रोड के धर्मपरसा से निकलकर एम0 एम0 जी0 एस0 वाई0 रोड, धर्मपरसा, मिंया टोली तक जाने वाली सम्पर्क सड़क का निर्माण कार्य माह अक्तूबर, 2019 में पूर्ण हुआ था, परन्तु उक्त निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग करने एवं तय मानक के अनुरूप कार्य नहीं करने के कारण निर्माण के दो माह बाद ही सड़क का टूटना प्रारंभ हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त निर्माण कार्य की जाँच कराकर सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*890. श्री कमरूल होदा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 4927, दिनांक 17 सितम्बर, 2019 के अनुसार नगर परिसर क्षेत्र में अवस्थित 20 फीट या उससे अधिक चौड़ी सड़कों का निर्माण पथ निर्माण विभाग द्वारा किया जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के किशनगंज नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार में अवस्थित चूड़ी पट्टी चौक से भगत टोली रोड हॉस्पीटल रोड होते हुए डे मार्केट ओवर ब्रीज तक 20 फीट चौड़ी सड़क की भौतिक स्थिति जर्जर हो गई है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चूड़ीपट्टी चौक से भगतटोली का हॉस्पीटल रोड होते हुए डे मार्केट ओवरब्रीज तक जाने वाली सड़क का निर्माण पथ निर्माण विभाग से कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक,नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का चौड़ीकरण

*891. श्री राजकुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान सभा क्षेत्र के बिथान प्रखण्ड स्थित लरझा घाट पुल से ग्राम-बेलसन्डी होते हुए नरपा, लक्ष्मिनिया तक की सड़क बाढ़ एवं अति वर्षा के कारण पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गई है, जबकि उक्त सड़क से प्रतिदिन काफी संख्या में भारी वाहनों का आना-जाना होता है, जिससे प्रायः दुर्घटना की संभावना बनी रहती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकौरात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त पथ का चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*892. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड के पाठक जी बाजार से बन्हौरा जाने वाली पथ का अनुरक्षण कार्य 3054 से वर्ष 2018 में किया गया है, जिसमें 100 मीटर सड़क बन्हौरा बाजार के पास संवेदक द्वारा छोड़ दिया गया है, जिससे छूटे हुए स्थान पर सालों भर कीचड़ लगा रहता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार छूटे हुए सड़क को बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कटावनिरोधक कार्य कराना

*893. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हनुमान नगर प्रखंड अन्तर्गत रूपौली पंचायत के डगरौल गाँव के पास बागमती नदी की धारा इस तरह मुड़ गयी है कि विशनपुर-कनौजर घाट मुख्य सड़क डगरौल के पास पूर्णरूप से कटने के कगार पर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पिछले 10 साल से प्रत्येक वर्ष उक्त सड़क को कटाव से बचाने के लिये प्लास्टिक के बोरा में स्थानीय बालू भरकर कटावनिरोधक कार्य किया जाता है, जिसमें लाखों रुपये का खर्च होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को कटाव से बचाने के लिये वोल्डर पिचिंग या लोहा के जाली में ईंट का कैरेट बनाकर कटावरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रखंड कार्यालय भवन का निर्माण

*894. श्री अरूण कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सत्तर कटैया प्रखंड में प्रखंड कार्यालय भवन का निर्माण नहीं होने के कारण पदाधिकारियों/कर्मचारियों को कार्य निष्पादन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सत्तर कटैया प्रखंड का कार्यालय भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*895. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड के परसंडी पंचायत अन्तर्गत विसनपुर गाँव से लोहार टोला तक जानेवाली सड़क कच्ची है जबकि लोहार टोला की आबादी तीन सौ से ऊपर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त सड़क पक्की नहीं रहने से आमजनता को प्रखंड मुख्यालय आने-जाने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*896. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत बौलिया पंचायत के शिवदानी यादव के घर से इदगाह, पटनी, बौलिया होते हुये बौलिया गुमटी तक पक्की सड़क नहीं होने के कारण आम जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*897. श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड भभुआ के ग्राम-जागे वरावँ नहर से डिहरभा का छोटका टोला तक सड़क नहीं होने से वहाँ के स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाईपास का निर्माण

*898. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के पकरीबरावां प्रखंड अन्तर्गत पकरीबरावां बाजार के बीचों-बीच स्टेट हाइवे गुजरती है, जिसके कारण बाजार में हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपरोक्त बाजार से अलग एक बाईपास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि तत्काल नवादा जिला के पकरीबरावाँ बाजार भाग के अलग बाईपास पथ के निर्माण का प्रस्ताव नहीं है।

--------

पुल का निर्माण

*899. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखंड अन्तर्गत फुलडोभी पंचायत के फुलडोभी में स्थित स्क्रू पाईल पुल बंद पड़ा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्क्रू पाईल पुल बंद होने से ग्राम-मोरसण्डा, मधेली, चातर, दयालपुर, हकरवारा के लोगों को 13 किलो मीटर की अधिक दूरी तयकर जिला मुख्यालय कटिहार पहुँचना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्क्रू पाईल पुल के स्थान पर आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*900. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत डाढ़ावारी पंचायत में बौकेर नदी पर पुल बनाने की प्रशासनिक स्वीकृति वर्ष 2017 में ही दी जा चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल निर्माण से संबंधित सारी प्रक्रियाएँ वर्ष 2018 में पूरी होने एवं संवेदक द्वारा एकरारनामा करने के बावजूद भी आजतक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापना करने के संबंध में

*901. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, मुजफ्फरपुर का पद लगभग एक वर्ष से रिक्त है एवं उक्त जिला का अतिरिक्त प्रभार सीतामढ़ी के अधीक्षण अभियंता को दिया गया है जिनका दो जगह पर पदस्थापन रहने के कारण पूर्णकालिक समय मुजफ्फरपुर को नहीं मिल पाता है, जिससे कार्य प्रभावित होता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार अधीक्षण अभियंता, मुजफ्फरपुर के पद पर स्थायी पदस्थापना कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*902. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड के निलन्दरा पंचायत के धरहरा नया टोला से कोचाधामन सीमा तक 3 कि0 मी0 की सड़क कच्ची है, जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रखण्ड कार्यालय का सृजन

*903. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत 22 ग्राम पंचायतों वाला बरारी प्रखंड का क्षेत्रफल करीब 40 वर्ग किलोमीटर रहने के कारण ग्राम पंचायत बरेरा, दुर्गापुर, सुखासन, सकरैली, कावर, वैसा गोबिन्दपुर, मोहना, चाँदपुर, विशनपुर, जगदीशपुर एवं सिकर के ग्रामीणों को प्रखण्ड कार्यालय जाने-आने में काफी असुविधा होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित ग्राम पंचायतों के बीच में स्थित सेमापुर में ओ0 पी0, बैंक, रेलवे स्टेशन सहित व्यावसायिक हब है एवं प्रखंड का दर्जा प्राप्त करने की सारी शर्तें पूरा करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) में वर्णित ग्राम पंचायतों को मिलाकर सेमापुर में प्रखंड कार्यालय का सृजन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*904. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लखनौर प्रखंड में ग्राम-लवानी से जगदर तक जाने वाली पथ में सुगरवें नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर एक आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*905. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत नीमा पंचायत के ताला टोला से हाकु मांझी के घर तक की गई ईंट सोलिंग को 1 वर्ष पूर्व सड़क निर्माण के उद्देश्य से उखाड़ दिया गया है, लेकिन सड़क का निर्माण अबतक नहीं कराये जाने से लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पाइप लाइन लगाना

*906. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत मनीगाछी प्रखंड के महादेव पोखर एवं विजोखर पोखर से सिंचाई हेतु पम्प की व्यवस्था थी, किन्तु बिजली आपूर्ति बंद होने तथा समुचित पाइप की व्यवस्था नहीं होने से हजारों एकड़ जमीन में लगी फसल बर्बाद हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पोखरों से किसानों को सिंचाई सुविधा के लिए लगे पम्पों मे विद्युत् सम्पर्कता प्रदान करते हुए समुचित पाइप की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का निर्माण

*907. श्री विनय वर्मा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नरकटियागंज प्रखंड में धुमू नगर पंचायत के ग्राम-धूमनमर और केहुनियाँ पंचातय के ग्राम-रोआरी का कटाव हरबोड़ा नदी से कई वर्षों से हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों को कटाव से निजात दिलाने हेतु सुरक्षात्मक बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क सम्पर्कता प्रदान करना

*908. श्री राम विचार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलांतर्गत साहेबगंज प्रखंड के पकड़ी गाँव का महादलित टोला एवं रजुआ टोला सम्पर्कता विहीन है जबकि मात्र 625 मीटर की दूरी से एस0एच0-74 पकड़ी बसारत से गुजरी है, यदि हाँ, तो सरकार 625 मीटर की सड़क का निर्माण कर पकड़ी गाँव के महादलित टोला तथा रजुआ टोला को कबतक सड़क सम्पर्कता प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल निर्माण

*909. श्री रामदेव यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिले के फुल्लीडुमर प्रखण्ड में कलिया नदी पर घुटियारा ग्राम एंव खड़ीआ-नरहीन के बीच पुल नहीं रहने के कारण आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों गाँवों में कलिया पदी पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*910. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड टिकारी के रूपसपुर पंचायत में रामपुर देवी स्थान के सामने सोलहदाम नदी पर लगभग 60 फीट लम्बा पुल का निर्माण नहीं होने से उक्त क्षेत्र के ग्राम-रामपुर, केसपा, मखदुमपुर, आलमपुर, बरसीमा, तकेया एवं दौलतपुर के वासियों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तटबंध का सुदृढ़ीकरण

*911. श्री अशोक कुमार (132)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला से गुजरने वाली बुढ़ी गंडक नदी के बाएँ तटबन्ध में खानपुर प्रखंड के हरिहरपुर खेढ़ी स्लूईस गेट से मंगल हाट, पिरकपुर तक कई स्थानों में छोटे जानवरों द्वारा इस पार से उस पार छेद कर दिए जाने तथा तटबंध पर आने-जाने के लिए बने कच्चे ढालों की वजह से तटबन्ध क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तटबंध का सुदृढ़ीकरण तथा कच्चे ढालों का सही से निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*912. श्री बिरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा प्रखंड के तीन मुहानी से प्रारंभ होकर मधुरापुर, जयनगर, कसहा, बरियाही होते हुये गुप्ता बाँध, चकिया रेलवे लाईन के पश्चिम तक जाने वाली सड़क जो गंगा किनारे अवस्थित तटबंध पर 18 कि० मी० की लम्बाई तक फैला हुआ है, जर्जर है, जिससे आस-पास के ग्रामीणों को जिला मुख्यालय एवं प्रखंड मुख्यालय आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क (तटबंध पर निर्मित) की चौड़ाई बढ़ाने एवं मरम्मती करवाने के लिये सड़क को ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल बनाना

*913. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के तेघड़ा कार्य प्रमंडल अन्तर्गत रूदौली एवं महेशपुर में बलान नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति विभाग द्वारा वर्ष 2015-16 में दिये जाने के बावजूद अबतक उक्त पुल का निर्माण नहीं कराया गया है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*914. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर पंचायत शेरघाटी में डाकबंगला रोड से पलकिया होते हुये शेरपुर तक जाने वाली सड़क में पाइप फैक्ट्री के पास स्थित पुल काफी पुराना एवं जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित पुराना एवं जर्जर पुल के स्थान पर नया पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*915. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बथनाहा प्रखंड के मटियारकला मेन रोड से मनोज सिंह कुशवाहा के मटियारकला टोला तक जाने वाली जर्जर रोड विगत पाँच वर्षों से नहीं बनाया जा रहा है, जिसके कारण आम लोगों को आवागमन में समस्या होती है, यदि हाँ, तो सरकार इस रोड को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कटावनिरोधक कार्य कराना

*916. श्री राहुल तिवारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंडान्तर्गत दामोदर पंचायत में दो वर्षों से गंगा नदी से कटाव जारी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत के सभी गाँवों में गंगा नदी से हो रहे कटाव को रोकने के लिये कटावनिरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*917. श्री अत्रि मुनि उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हिलसा प्रखंड स्थित भरबिगहा आर० डब्लू० डी० पथ से लक्ष्मी बिगहा ग्राम को एकल सम्पर्कता प्रदान करने वाली सड़क कच्ची है जिसके कारण छोटे वाहन सहित अन्य वाहनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बाढ़रोधक कार्य

*918. श्री शाहनवाज--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के फरसलाडांगी एवं लहरिया गाँव बकरा नदी के पास है जहाँ कटावनिरोधक कार्य नहीं होने से प्रतिवर्ष बाढ़ आने के कारण गाँव में कटाव होता है, जिससे कई परिवार विस्थापित हो जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव के पास बाढ़निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पक्कीकरण

*919. श्रीमती कुंती देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड नीमचक बथानी के ग्राम पंचायत मनियारा में अतरी बथानी पक्की सड़क से निकलकर ग्राम-खेसारी टोला गाँधीनगर जानेवाली पथ का आजतक पक्कीकरण नहीं किया गया है जिसके कारण ग्रामीणों को बरसात के मौसम में आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कैनाल, आहर, पईन एवं छिटका का निर्माण

*920. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखंड में कैरिया, लगमा, वंशीपुर होते हुये कहलगाँव गंगा किनारे तक कोआ नदी में आहर, पईन तथा पास के गाँव में छिल्का नहीं है, जिससे उक्त गाँवों के किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर कैनाल, आहर, पईन एवं छिल्का का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*921. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज प्रखंड के खगड़ा देवरी से मरवा टोली भाया फूल बस्ति मुख्यमंत्री सड़क में दो स्थलों पर कलवर्ट/पुल/सड़क अगस्त, 2017 के बाढ़ में बह गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त कलवर्ट/पुल/सड़क के स्थान पर नये कलवर्ट/पुल/सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*922. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोहिउद्दीननगर प्रखंड के पी० डब्लू० डी० सड़क से भाया भारत चिमनी, तेतारपुर चौवरिया होते हुये मनियर बाँध पी० डब्लू० डी० तक पथ की सड़क विगत पाँच वर्षों से जर्जर है, जबकि यह 7 पंचायतों का लाइफ लाइन सड़क है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर सड़क निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*923. श्री अत्रि मुनि उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हिलसा प्रखंड स्थित आर० डब्लू० सी० लोहंडा पथ से सरहजिया गाँव तक सड़क कच्ची है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटावनिरोधी कार्य

*924. श्री चंद्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत हरियों पंचायत के ग्राम-कहारपुर, पो०-भवनपुरा में विगत एक वर्ष से कोसी नदी के कटाव से जनजीवन प्रभावित हो रहा है तथा कहारपुर गाँव के दर्जनों घर कोसी नदी में विलीन हो गये हैं ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक कहारपुर गाँव में कोसी नदी के कटाव से बचाव हेतु कटावनिरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

साईफन का निर्माण

*925. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सोनवर्षा विधान सभा क्षेत्र के विराटपुर पंचायत के भादा नदी पर साईफन नहीं रहने के कारण इस क्षेत्र के एक हजार एकड़ जमीन पर जल-जमाव रहता है, जिसके कारण किसानों को खेती में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर साईफन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*926. श्री शत्रुधन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत मकेर प्रखण्ड के फुलवरिया पंचायत के पूरे छपरा ग्राम में सती स्थान से तीन मुहानी मुख्यमंत्री सड़क तक जाने वाला पथ जर्जर होने के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुलों का निर्माण

*927. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के प्रखंड ठाकुरगंज में एस० एच० 63 पुलिया चौक से 0.1 कि० मी० की दूरी पर अवस्थित बाभनडांगी रोड चैनेज का पुल एवं एल० ओ० 28 चेंगाघाट से हरोबिट्टा रोड में अवस्थित पुल वर्ष 2017 की बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुलों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

वीयरों का जीर्णोद्धार

*928. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सुलतानगंज प्रखण्ड में करहरिया पंचायत का पिपरा (गहिरा) नदी वीयर एवं शाहकुंड का बेलथु (धमना नदी) वीयर 10 वर्षों से क्षतिग्रस्त रहने के कारण उसमें जल संरक्षण नही हो पाता है, जिससे स्थानीय किसान सिंचाई सुविधा से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षतिग्रस्त वीयरों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*929. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर विधान सभा क्षेत्र के ढेंगो पंचायत अन्तर्गत दक्षिणी गोगो से उत्तरी गोगो तथा ढेंगो टोला नोनिया बिगहा में आजतक पक्की सड़क नहीं बनी है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों गाँवों को पूरक राज्य कोर नेटवर्क 2 में शामिल किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों गाँवों में कबतक सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथों का जीर्णोद्धार

*930 श्री सत्यनारायण सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डेहरी प्रखंड में पी० डब्लू० डी० डेहरी राजपुर पथ से सनाथ बिगहा तथा डेहरी नासरीगंज से भड़कुरीया तक पथ जर्जर है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोनों पथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क की मरम्मती

*931. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल अररिया अन्तर्गत मन्दू चौक से मदनपुर हनुमान मंदिर तक की सड़क वर्ष 2017 में आयी प्रलंयकारी बाढ़ में जर्जर हो चुकी है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उपरोक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाँधों का जीर्णोद्धार

*932. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के शाहकुंड प्रखण्ड में जमुआ जमीन्दारी बाँध एवं भगौरा जमींदारी बाँध विगत 15 वर्षों से क्षतिग्रस्त रहने से करीब दो हजार एकड़ से अधिक कृषि भूमि को समय पर सिंचाई का लाभ नही मिल पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँधों का पक्कीकरण एवं जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*933. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बेलौरी-सोनैली-बस्तौल पथ में आठवें, पच्चीसवें किलोमीटर में स्थित स्क्रू पाईल पुल क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर आर० सी० सी० पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*934. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड के मदनपुर पश्चिमी पंचायत अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क शाह नइम के घर से बलबात इस्माईल के घर के नजदीक आर० ई० ओ० सड़क तक पथ नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*935. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिले के मधेपुर प्रखंड अन्तर्गत दर्जिया गाँव के पास कमला नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*936. श्री केदार नाथ सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत रघुनाथपुर प्रखण्ड के रघुनाथपुर निकटी होते बलुआ पंचायत के रामजानकी मंदिर से शहीद रामाशंकर पटेल के घर तक जाने वाली सड़क कच्ची होने के कारण आमजनता सहित छोट-बड़े वाहन को आने-जाने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पटना :
दिनांक 04 मार्च, 2020 (ई०)।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु० 158 (एल०ए०) 2019-20 डी०टी०पी०—550